# श्याम बसों मेरे मन में | By Bhupendra Mangal Bhappa

खाटू वाले मगन रहूं मैं
भक्ति के भाव भजन में
श्याम बसों मेरे मन में

मन मंदिर को श्याम सजाऊँ
जिसमे आप का दर्शन पाऊं
मन की साँची बात बताऊँ
लगन हो श्याम लगन में
श्याम बसों मेरे मन में

श्याम करूँ नित आपकी पूजा
मन को और ना भाये दूजा
तारों के संग जैसे चंदा
रहता नील गगन में
श्याम बसों मेरे मन में

श्याम सलोने दिल की सुन लो
मुझको भी अपनों में चुन लो
आपको करता हूँ सांवरिया
तन मन धन अर्पण मैं
श्याम बसों मेरे मन में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-bhupendra-mangal-bhappa/